**उ0प्र0 विधान परिषद के तृतीय सत्र-2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सख्या-9 का उत्तरालेख्य**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 9 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र एफ0सी0आई0 लखनऊ में हुई अनियमितताओं की जॉच कराते हुए जॉच में दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए निर्दोष कार्मिकों को पुनः सेवा में रखे जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 12 अगस्त, 2024 जो कि आपको सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र के आधार पर किस उच्चाधिकारी से जॉच कराई गयी है और पत्र में किये गये अनुरोध पर अब तक क्या कार्यवाही की गयी है? | 1.प्रकरण में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड सेस-द्वितीय लखनऊ व अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण खण्ड-नवम्, लखनऊ द्वारा संयुक्त जाँच की गयी।<br>2. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, चतुर्थ, लेसा, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2325, दिनांक 26.03.2024 के द्वारा श्री सुनील कुमार तत्कालीन अवर अभियन्ता, को निलंबित किया गया।<br>3. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1589, दिनांक 26.03.2024 के द्वारा श्री अजीत कुमार तत्कालीन टी०जी०-2 को निलंबित किया गया।<br>4. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-चतुर्थ लेसा, लखनऊ के द्वारा कार्यदायी संस्था मेसर्स वर्ल्ड क्लास को प्रेषित पत्र संख्या-2326 वि०वि०सं० (च०)/ दिनांक 26.03.2024 के अनुक्रम में कार्यदायी संस्था द्वारा निम्न संविदाकर्मियों को निष्कासित किया गया। उपरोक्त वर्णित कार्यदायी संस्था मेसर्स वर्ल्ड क्लास सर्विसेस लिमिटेड का अनुबन्ध माह अक्टूबर, 2024 में समाप्त हो गया है।<br>निष्कासित किये गये संविदाकर्मीः-<br>(1) श्री बालकृष्ण (कल्लू) (2) श्री मोहम्मद ताज एवं<br>(3) श्री अरूण कुमार।<br>5. प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, महोदय, के कार्यालय ज्ञाप संख्या-408/ प्रनि/मविविनिलि/डीपी-150/ सि०गो०/डीपी अनुभाग-1 दिनांक 06.04.2024 के द्वारा कु० मानसी अवर अभियन्ता विद्युत नगरीय निर्माण खण्ड-द्वितीय को निलंबित किया गया है।<br>6. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल चतुर्थ, लखनऊ |

की अनुशंसा पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, मुख्यालय द्वारा निम्न कर्मिकों के विरुद्ध अनुशासात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की गयी है-

| क्र०सं० | अधिकारी/कार्मिक का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री गुलरेज अली | उपखण्ड अधिकारी |
| 2 | कु0 अंशिका चन्द्र | सहायक अभियन्ता (मी0) |
| 3 | श्री शिव प्रसाद मिश्रा | अवर अभियन्ता |
| 4 | कु0 नेहा कुमारी | अवर अभियन्ता (मी0) |
| 5 | श्री सुनील कुमार | अवर अभियन्ता (मी0) |
| 6 | कु0 मानसी | अवर अभियन्ता (मी0) |
| 7 | श्री अजीत कुमार | टी0जी0-2 |

(ग) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे?

उपरोक्तानुसार।

ए0के0 शर्मा

ऊर्जा मंत्री।